जागरण

# यात्रा का उद्देश्य साफ, स्वच्छ एवं पौष्टिक खाना मिलना : सुमन बेदी

14 Jan 2019

स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में संचालित स्वस्थ भारत यात्रा का आयोजन निजी पैलेस में किया गया। उसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा महिला आयोग की सदस्या सुमन बेदी ने शिरकत की तथा स

संवाद सूत्र, नरवाना : स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में संचालित स्वस्थ भारत यात्रा का आयोजन निजी पैलेस में किया गया। उसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा महिला आयोग की सदस्या सुमन बेदी ने शिरकत की तथा सीएमओ डॉ. संजय दहिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्वस्थ भारत साइकिल यात्रा 16 अक्टूबर से गोवा से शुरू होकर विभिन्न प्रदेशों से होती हुई 13 जनवरी को नरवाना पहुंची। सुमन बेदी ने कहा कि इस स्वस्थ भारत साइकिल यात्रा का मुख्य उद्देश्य साफ स्वच्छ एवं पौष्टिक खाना है। यात्रा के माध्यम से लोगों को अच्छा पौष्टिक स्वच्छ और समय पर सही खाना की प्रेरणा दी जा रही है। सिविल सर्जन डॉ. संजय दहिया ने बताया कि लोगों को कुपोषण यानी कच्चे कुपोषण खाने से परहेज करना चाहिए और स्वस्थ व्यक्ति से ही स्वस्थ समाज व स्वस्थ देश का निर्माण होता है और लोगों में जागरूकता लाने के लिए इस यात्रा के निकालने का फैसला विभाग कर रहा है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन निदेशक डॉ. योगेश यादव, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. पालेराम, एसएमओ डॉ. देवेंद्र ¨बदलिश, कपिल शर्मा, रजत गुप्ता, प्रो. जयपाल आर्य, जगदीप शर्मा, अनुप गोयल, स. हरचरण ¨सह, संजय चौधरी आदि थे।